>

Title: Need to prevent land erosion caused by river Saryu in Bansgaon Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): हमारे संसदीय क्षेत्र बांसगांव में जनपद देवरिया के बरहज विधान सभा क्षेत्र में सरयू नदी के कटान से कुर्रहपरसिया, गौरा जयनगर, रामपुर कोटवा का विन्दवलिया टोला सहित दर्जनों गांव का अस्तित्व खतरे में बना हुआ है। पूर्व में सरयू नदी के कटान से कई गांवों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। बरसात के समय नदी द्वारा कटाव की वजह से उक्त गांवों के लोग भयभीत रहते हैं। पूर्व में कटाव को रोकने हेतु केन्द्र व राज्य सरकारें कई प्रयास कर चुके हैं, जो असफल रहा है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उक्त गांवों को बचाने हेतु अविलम्ब आर्थिक सहयोग देकर ठोकरों तथा बन्धों का निर्माण करायें जिससे जनहित में उक्त गांवों के अस्तित्व को बचाया जा सके।